प्रकाशनार्थ 23 मार्च 2024 : गोरखपुर अमर बलिदानी स्वर्गीय भगत सिंह जी, राजगुरू एंव सुखदेव जी के बलिदान दिवस के अवसर पर गुरू श्री गोरक्षनाथ रक्त कोष में एक वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इन तीनों बलिदानी वीरों के बलिदान दिवस के अवसर पर गुरू श्री गोरक्षनाथ रक्त कोष के प्रभारी डाॅ. अवधेश अग्रवाल ने इन महात्माओं के प्रति अपनी अश्रुपूर्ण श्रद्धा सुुमन अर्पित किए तथा उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किए। उन्होंने आगे बताया कि मात्र 23 साल की उम्र में देश के लिए अमर होने वाले तीनों क्रांतिकारी वीर भी थे। भगत सिंह के लिए क्रांति का अर्थ अन्याय से पैदा हुए हालात को बदलना था। जिस दिल में देश के लिए मर-मिटने का जज्बा होगा, उस दिल में इन तीन वीरों का नाम होगा। इस अवसर पर उपस्थित चिकित्यालय के निदेशक मेजर जनरल डाॅ. दिपचन्द ठाकुर ने उन वीरों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित किए तथा उन्होंने बताया कि भगत सिंह ने क्रांतिकारी आंदोलन को एक नई दिशा दी। उनका तत्कालीन लक्ष्य ब्रिटिश साम्राज्य का विनाश करना था। ऐसे काल में जब गांधी और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ही देश की स्वतंत्रता के लिए एक मात्र विकल्प के रूप में प्रस्तुत किये जा रहे थे, तब अपनी दूरदर्शिता और संकल्प के कारण राष्ट्रीय आंदोलन के दूसरेे नेताओं से हटकर जाने जानेवाले भगत सिंह एक नयी सोच के साथ एक दूसरे विकल्प के रूप में उभर कर देश के सामने आये। इस अवसर पर उपस्थित ब्लड बैंक अधिकारी डाॅ. ममता जयसवाल भी उपस्थित रही। उन्होंने रक्तदाताओं को रक्तदान से संबंधित आवश्यक जानकारीयों एंव सावधानियों से अवगत कराया, उनकी उपस्थिति से रक्त दाताओं में भारी उत्साह वर्धन हुआ तथा रक्तदान के संबंध में अनावश्यक भ्रांतियों को भी दूर किया गया। इस अवसर पर कुल 30 रक्त दाताओं ने रक्तदान किया जैसे- निरज गुप्ता, राजबहादुर, शशि, रोहित कुमार, राजन,राकेश, गौरव, अश्वनी पाण्डेय तथा अन्य लोगो ने रक्तदान किया। इस रक्तदान शिविर को सफल बनाने में रक्त कोष टेक्नीशियन अमित मिश्रा, चन्द्रेश्वर, जसवीर सिंह, निधि नायक, गार्गी का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर चिकित्सालय के चिकित्सक गण भारी संख्या में रक्तदाता तथा नगर के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। रक्त दाताओं के रक्तदान के उपरांत सम्मान पत्र, की

रिंग, मग से सम्मानित किया गया तथा स्वल्पाहार की व्यवस्था भी की गई। कार्यक्रम के अतं मे चिकित्सालय के अपर निदेशक डाॅ. कामेश्वर सिंह् ने उपस्थित समस्त रक्तदाताओं तथा नगर के गणमान्य व्यक्तियों, चिकित्सक गण का हृदय से आभार व्यक्त किए तथा धन्यवाद ज्ञापित किए।